हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024


9 बवानीखेड़ा विस क्षेत्र के एआरओ ने लोस चुनाव ...


10 सुंदर पर ब्रेक, जुई व मिताथल को मिल सकता है आज से...

## खबर संक्षेप

### शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर कल

**भिवानी।** प्रत्येक व्यक्ति को समाजसेवा में हरसंभव सहयोग देना चाहिए, रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, क्योंकि दान के रूप में दी गई रक्त की चन्द बूंदें किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती हैं। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया कि शहीदी दिवस की पूर्व संध्या पर 22 मार्च को वंशिका फाउंडेशन के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन फ्रीडम ब्लड बैंक में सुबह 9 से 12 बजे तक किया जा रहा है।

### निरंकारी संत समागम कार्यक्रम 23 को

**भिवानी।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से 23 मार्च शनिवार को बीटीएम चौक स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर धर्मशाला रामनगर कॉलोनी में जिला स्तरीय भव्य संत समागम का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के सेवक ने बताया कि कार्यक्रम में दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से महान संत हेमराज शर्मा करेंगे।

### डीपीओ के खिलाफ डीसी ने मुख्यालय भेजा पत्र

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने ड्यूटी के प्रति सजग नहीं होने और आदेशों का पालन नहीं करने को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि जिले में बतौर जिला कार्यक्रम अधिकारी तैनात मीनाक्षी कार्यालय में हाजिर नहीं रहती हैं, जिसको लेकर स्वयं उपायुक्त ने उन्हें बुलाकर कार्यालय व मुख्यालय पर रहने के बारे में सचेत कर दिया गया था।

### सरकारी कार्यालयों से भी फोटो हटाना जरूरी

**चरखी दादरी।** सभी विभागों के कार्यालयों व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आदर्श आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना करना अनिवार्य है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उनके कार्यालय से संबंधित हिदायतों की सही एवं पुख्ता रिपोर्ट दें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार चुनाव घोषणा के बाद सार्वजनिक स्थानों सहित सरकारी कार्यालयों में लगे कलेंडर व पोस्टर आदि से मुख्यमंत्री, मंत्रियों सहित राजनीतिक नेताओं के फोटो हटाने अनिवार्य हैं।

### बरालु नहर के पास पांच किसानों की मोटर चोरी

**लोहारू।** बरालु में नहर के पास पांच किसानों द्वारा खेत में पानी लगाने के लिए रखी गई पांच मोनोब्लॉक मोटरें चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में बरालु निवासी कर्ण सिंह ने बताया कि उनके खेत के पास से नहर गुजरती है तथा नहर से खेतों में पानी लगाने के लिए आस पास के खेतों के पांच किसानों रमेश, बलवान, ईश्वर सिंह, राजकुमार और स्वयं ने पांच मोनो ब्लाक मोटर रखी हुई थी। सुबह देखा तो नहर के पास से पांच मोटरें गायब थी।

### दामाद ने ससुराल में चलाई गोली, केस दर्ज

**चरखी दादरी।** बीती देर रात गांव झींझर में महिला के घर के सामने उसी के दामाद ने फायरिंग कर दी। आरोपी का पत्नी के साथ कुछ महीनों से विवाद चल रहा है। झींझर निवासी निर्मला ने बताया कि 13 साल पहले उसकी बेटी की शादी लडायन निवासी सोनू के साथ की हुई है। उसके बेटी के 3 बच्चे हैं, जो सोनू के साथ रहते हैं। दामाद व बेटी का विवाद है, जिसकारण उसकी बेटी उसके पास रहती है। निर्मला ने बताया कि देर रात सोनू झींझर पंहुचा तथा उनके मकान का दरवाजा खटखटाया, लेकिन डर के कारण उन्होंने सुबह आने के लिए बोल दिया, उन्होंने दरवाजा नहीं खोला तो सोनू ने फायरिंग कर दी।

# सीमेंट के डिवाइडर करेंगे जाम को डिवाइड, सुधरेगी यातायात व्यवस्था

## ओवरटेक करने वाले वाहन चालकों पर लगेगी लगाम, पुलिस को मिलेगी राहत

दुपहिया व छोटे वाहन चालकों की जल्दबाजी के कारण लगता हैं जाम , जिसका खामियाजा अन्य वाहन चालकों को भुगतना पड़ता है।


**भिवानी।** देवसर चुंगी फाटक के दोनों ओर रखे गए सीमेंट के डिवाइडर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी से दादरी व लोहारू की तरफ सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए राहत भरी खबर है। अब देवसर चुंगी फाटक के दोनों तरफ अव्यवस्थित ढंग से खड़े होने व निकलने वाले वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा करने के लिए सीमेंट के डिवाइडर रखे गए हैं। सीमेंट के डिवाइडर एक तरफ जहां जाम को डिवाइड करेंगे, वहीं दूसरी ओर जाम में फंसने वाले राहगीरों व वाहन चालकों का समय बर्बाद होने से बचाएंगे।

उल्लेखनीय हैं कि दिन प्रतिदिन वाहनों का शहर में दबाव बढ़ता जा रहा हैं और पर्यावरण प्रदूषण भी उतनी ही तेजी फैल रहा हैं। अब वाहनों के निकलने वाले धुएं से पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर भी लगाम लग पाएगी।

**नियमों का पालन करें:** खासकर दुपहिया व छोटे वाहन चालकों की जल्दबाजी के कारण जाम लगता हैं, जिसका खामियाजा अन्य वाहन चालकों को भुगतना पड़ता हैं। चालकों को वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पूर्णरुप से पालन करना चाहिए और शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए, जिससे व्यवस्था बनी रहेगी।

### फाटक बंद रहने से बनी रहती हैं जाम की स्थिति

लोहारु रोड देवसर चुंगी फाटक पर अव्यवस्थित यातायात को पटरी पर लाने के लिए फाटक के दोनों ओर सीमेंट के डिवाइडर रखने से यातायात व्यवस्था काफी हद तक सुधरेगी और वाहन चालकों को परेशानी से राहत मिलेगी। देवसर चुंगी फाटक मालगाड़ी व यात्री गाड़ियों के आवागमन के चलते अक्सर बंद रहती हैं, इसलिए ज्यादा समय तक फाटक बंद रहने से वाहन चालकों परेशानी होती है।

### ओवरटेक के चक्कर में लगता जाम

लोहारू रोड स्थित देवसर चुंगी रेलवे फाटक पर सीमेंट के डिवाइडर रखने से राहगीरों व वाहन चालकों को फाटक बंद होने से लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, क्योंकि अक्सर वाहन चालक ओवरटेक करने के चक्कर में लाइन तोड़ते थे, जिस वजह से जाम की स्थिति बनती थी। जाम लगने के बाद यातायात पुलिस काफी मशक्कत करके यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाकर लोगों को राहत देने का काम करते थे। उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी, ताकि जाम की स्थिति न बने।

**-नवीन यादव,** यातायात प्रभारी, भिवानी

### शुरू हो चुका है ओवरब्रिज का निर्माण

लोहारू रोड ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरु होने के चलते पुल के दोनों एंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की भीड़ होने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती हैं। जाम लगने के बाद वाहन चालक एक दूसरे से पहले निकलने के चक्कर में स्थिति को ओर अधिक गंभीर कर देते हैं और लंबे समय तक यातायात व्यवस्था बेपटरी हो जाती हैं। पुल के दोनों एंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की भीड़ के दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस कर्मचारी तैनात होकर स्थिति को दुरुस्त करने में लगे रहते हैं, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर लौट सके।

### भीड़ होने पर वाहन किए जाते हैं डायवर्ड

ओवरब्रिज के अनाजमंडी व हालुवास गेट एंट्री प्वाइंटों पर वाहनों की भीड़ ज्यादा होने व पहले निकलने की भागमभाग के चलते अक्सर जाम लग जाता हैं। यातायात पुलिस जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए देवसर चुंगी फाटक की ओर वाहनों को डायवर्ट करके निकालने का काम करती हैं। अब फाटक के दोनों ओर सीमेंट के डिवाइडर रखे जाने से वाहनों की भीड़ लाइन नहीं तोड़ सकेगी और व्यवस्थित तरीके से यातायात आवागमन हो पाएगा।



**भिवानी।** लंबित मांगों को लेकर विरोध जताते कर्मचारी।

# अशोक बने सिटी यूनिट के दूसरी बार प्रधान

■ सम्मेलन राज्य उपप्रधान लोकेश और राज्य कमेटी सदस्य धर्मबीर सिंह भाटी की निगरानी में करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्स यूनियन सिटी यूनिट का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन रेस्ट हाऊस में करवाया गया। सम्मेलन में राज्य उपप्रधान लोकेश, राज्य कमेटी सदस्य धर्मबीर सिंह भाटी, सर्कल सचिव राजेश सांगवान, सकसं के राज्य उपमहासचिव संदीप सांगवान, संघ जिला प्रधान सूरजभान जटासरा, ब्लॉक भिवानी प्रधान सुशील कुमार की निगरानी में करवाया गया। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में काफी टकराव सरकार व निगम मैनेजमेंट के साथ होने वाले है, क्योंकि सरकार ने हमारे कच्चे कर्मचारियों को जबरदस्ती से एचकेआरएम में धकेल दिया, जिससे पहले ली जा रही सैलेरी में कटौती गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार बिजली मंत्री से बार-बार वार्ता हुई तथा महमति बनी, इसके बावजूद कार्य नहीं हुए, जिससे कर्मचसारियों में रोष है। सम्मेलन में अशोक गोयत को दूसरी बार प्रधान चुना व संदीप अत्री बापोड़ा को उपप्रधान, उपप्रधान मनदीप बेरवाल व धीरज शर्मा, सचिव राजेश दुल्हेड़ी, सहसचिव सुखबीर सिंह, कैशियार अशोक साहनी, प्रैस सचिव अभिषेक शर्मा, संगठन सचिव मुकेश प्रजापत, संजय शिमली, अनिल बामला को चुना।


**भिवानी।** लोहारू में खाद्य विभाग के छापे के बाद बंद पड़ी मिठाइयों की दुकानें।

# खाद्य सुरक्षा विभाग के छापे से हड़कंप, दुकानों के शटर बंद

■ लोहारू, सिंघानी और ढिगावा में चार दुकानों से लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

गुरुवार सांय लोहारू इलाके में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के छापे की सूचना के बाद इलाके में खाद्य पदार्थ बेचने वाले परचून की दुकानों और मिठाई की दुकानों के मालिकों में हड़कंप मच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भिवानी की टीम ने लोहारू में एक, सिंघानी में दो और ढिगावा में एक दुकान से खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए। है।

बता दें कि होली के त्योहार के बीच लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाते हुए गुरूवार को भिवानी खाद्य सुरक्षा विभाग के डॉ पुनीत शर्मा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने लोहारू का दौरा किया। इस दौरान टीम की सूचना मिलते ही लोहारू शहर के मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड और शहर के कई इलाकों में स्थित परचून और मिठाई की दुकानें बंद हो गई। डॉ पुनीत शर्मा ने बताया कि लोहारू शहर में रेलवे स्टेशन के नजदीक एक दुकान से खुले सरसों के तेल, मिर्च और दलिया का सैंपल लिया। वहीं गांव सिघानी के सिवानी रोड पर दो परचून की दुकानों से सैंपल लिए। ढिगावा में भी एक दुकान से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं। डॉ. पुनीत शर्मा ने कहा कि खुला सामान बेचने के लिए दुकानदार के पास एफएसएसएआई का लाइसेंस होना जरूरी है, जिन दुकानदारों के पास ये लाइसेंस नहीं था, उन्हें नोटिस दिए हैं। विभाग लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पूर्ण रूप से सजग हैं तथा दुकानदार को गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं करने दिया जाएगा।

## फर्जी मुठभेड़ और 10 लाख की रिश्वत मामले में सीएम को भेजा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर आर-पार की लड़ाई की दी चेतावनी



**चरखी दादरी।** फर्जी मुठभेड़ व लाखों रूपयों की रिश्वत के आरोप मामले में आरापी पुलिस कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई व निर्दोष युवको की रिहाई की मांग को लेकर अधिवक्ता संजीव तक्षक के नेतृत्व में उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार व प्रशाासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस बार कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती है तो वे न्याय पाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। अधिवक्ता संजीव तक्षक ने बताया कि मामले में 8 से 22 जनवरी तक दादरी की जनता पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरने प्रदर्शन कर रोष प्रकट कर चुकी है और न्याय की मांग अनेक बार की जा चुकी है, जिस पर गत 22 जनवरी को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक नीतिका गहलोत ने उपायुक्त मनदीप कौर के समक्ष आकर 15 दिन में निष्पक्ष जांच खत्म करने का आश्वासन दिया था। निर्धारित समय की समाप्ति पर भी कोई कार्यवाही न होने पर 9 फरवरी को दोबारा से लोग सड़कों पर उतरे तो नवनियुक्त एसपी के प्रतिनिधि डीएसपी बाढ़ड़ा ने 15 से 20 दिन का समय मांगा था, जिस पर पीड़ित पक्ष ने एक महीने का समय दे दिया था। मगर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधिकारियों से मिले तो संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाखुश परिजनों व ग्रामीणों की पिलाना गांव में पंचायत हुई और दोबारा आंदोलन करने व अंतिम बार सरकार व प्रशासन से गुहार लगाने का निर्णय लिया। वीरवार को उपायुक्त के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

# पांच अधिकारियों को उपायुक्त ने जारी किए शोकॉज नोटिस

**चरखी दादरी।** चुनाव ड्यूटी में कोताही बरतना जिले के कुछ अधिकारियों के लिए भारी पड़ सकता है। ड्यूटी में अनदेखी करने और चुनाव संबंधी बैठक में नहीं आने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने पांच अधिकारियों को शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उपायुक्त द्वारा डीईटीसी सेल टैक्स अमिता तंवर, डीईटीसी एक्साइज अजय सरोहा, बीईओ बौंद कलां राजबाला, बीईओ बाढ़ड़ा जलकरण और नगर परिषद ईओ केके यादव को जारी नोटिस के अनुसार इन अधिकारियों को चुनाव से संबंधित कार्यों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। गत 19 मार्च को जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव तैयारियों को लेकर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक बुलाई थी और सभी संबंधित अधिकारियों को इसकी पूर्व सूचना दे दी थी, लेकिन ये अधिकारी न बैठक में मौजूद रहे और न इन्होंने कोई सूचना दी। उपायुक्त द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन का हिस्सा होने के नाते अधिकारियों की चुनाव प्रक्रिया के दौरान जरूरत है, ताकि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाया जा सके। आदेशों के अनुसार इन अधिकारियों को दो दिन के अंदर नोटिस का जवाब देना है, अगर ऐसा नहीं किया तो इनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा सकती है।

# वाल्मीकि का मंत्री बनना हलके के लिए सौभाग्य की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

नायब सैनी की सरकार में बवानी खेड़ा विधायक बिसंबर वाल्मीकि को नायाब तोहफा मिला है। होली से पहले यह तोहफा इतनी उम्मीदों और खुशियों भरा है कि इसका रंग ताउम्र भुलाया नहीं जा सकेगा।

विधायक बिसंबर वाल्मीकि को मंत्रीमंडल में शामिल करने की व शपथ समारोह से दो दिन पहले हरिभूमि ने बवानी खेड़ा सर्वे की व्यू रिपोर्ट लगाकर आइना दिखाने का काम किया। ज्यों ही मंगलवार को विधायक बिसंबर वाल्मीकि का नाम मंत्रिमंडल की सूची में शामिल हुआ हलके में खुशी का माहौल पैदा हो गया, खुशी का माहौल पैदा भी क्यों न हो क्योंकि वषोंर् बाद हलके की झोली में मंत्रिमंडल में नाम शामिल किया गया है। लोगों की विकास को लोगों की उम्मीदें बढ़ी और उन्होंने अपने विचार साझा किए.

**नायब साहब ने नायाब तोहफा देकर नवाजा:** बवानी खेड़ा विधानसभा संयोजक कमल परमार ने बताया कि मनोहर लाल खटटर ने बिना पर्ची बिना खर्ची के रोजगार देकर अंधेरे घरों में उजाला करने का कार्य किया है। वहीं उनके स्थान पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने फिर से मिसाल कायम की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हलका विधायक बिसंबर वाल्मीकि को मंत्रीमंडल में शामिल करके नायाब तोहफा दिया है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।





**विकास में कसर नहीं छोड़ेगें:** भाजपा नेता प्रशांत कुमार ने बताया कि हलका विधायक बिसंबर वाल्मीकि को मंत्री बनाना हलके के लिए बहुत कारगर सिद्ध होगा। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो पार्टी से जुड़े नेताओं को महत्व देती है ये किसी और दल में नहीं हो सकता। हलका विधायक बिसंबर वाल्मीकि के मंत्री बनने पर वे हलके में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगें।

**मंत्री बने हैं तो उपमंडल भी बनेगा:** हलका विधायक बिसंबर वाल्मीकि के बनने की खुशी में भाजपा वरिष्ठ नेता उमेश भारद्वाज ने बताया कि मनोहरलाल खटटर ने उपमंडल का दर्जा देकर उपकार करने का कार्य किया। विधायक से मंत्री बने बिसंबर वाल्मीकि इस पर बल देते हुए हमारी इस नैया को भी पार करने का कार्य करेंगें व विकास की गति को तेज करेंगें।





**भाजपा सरकार में सभी बराबर:** बलियाली सरपंच एवं भाजपा वरिष्ठ नेता सचिन सरदाना ने बताया कि भाजपा सरकार में कोई ऊँच.नीच नहीं बरती जाती सभी को एक दृष्टि से देखने का कार्य किया जाता है। जिसका नतीजा सभी के सामने हैं।

## बंसीलाल, सुरेंद्र सिंह, श्रुति चौधरी, कुलदीप बिश्नोई, अजय सिंह चौटाला भिवानी के रास्ते पहुंचे दिल्ली तक

# ‘लालों के लाल’ के लिए भिवानी की चुनावी धरती बनी ‘बेमिसाल’

पुरुषोत्तम तंवर ▶▶| भिवानी

अपने समय के राजनीति के पीएचडी रहे पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल, पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल और पूर्व सीएम स्व. चौ. भजनलाल ने लाडलों को देश की राजनीति में भिवानी के रास्ते दिल्ली दरबार तक भेजा था। जिस भी बड़े नेता ने अपने लाडले को राजनीति में लाने की चाह पाली,उस नेता ने भिवानी लोकसभा से चुनावी दंगल में जरूर उतारा।

यह सौ फिसदी सत्य है तीनों लालों ने अपने-अपने लाडलों को भिवानी चुनावी दंगल में उतारा तो वे राष्ट्रीय स्तर पर नेता बने। चाहे पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल, स्व. सुरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला या पूर्व सांसद कुलदीप सिंह बिश्नोई हो। भिवानी की धरती से जो नेता बना। उसका आज भी देश में नाम है।

कुलदीप बिश्नोई ने 2004 में पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला व सांसद धर्मबीर सिंह को हराकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचे थे। इनसे पूर्व वर्ष 1997 में पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ने अजय चौटाला और 1998 में अजय चौटाला ने सांसद धर्मबीर व पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह को हराकर लोकसभा में पहुंचकर प्रतिनिधितत्व किया। इससे पहले के इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो पूर्व सीएम स्व. बंसीलाल भी भिवानी की धरती से जीतकर तीन बार दिल्ली दरबार में पहुंचे। भिवानी की जनता ने एक ही नहीं तीन-तीन पीढ़ियों को चुनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत (लोकसभा) में भेजा। भिवानी की जनता ने तीन बार पूर्व सीएम बंसीलाल, दो बार चौ. सुरेंद्र सिंह तथा एक बार श्रुति चौधरी को चुनकर दिल्ली भेजा गया। पूर्व सीएम भजनलाल के पुत्र कुलदीप बिश्नोई को एक बार, पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला को एक बार, धर्मबीर सिंह को दो बार तथा उनसे पहले वर्ष 1987 में रामनारायण तथा 1991 में पूर्व सांसद चौ. जंगबीर सिंह को चुनकर दिल्ली दरबार में भेजा था।


कुलदीप बिश्नोई


सुरेंद्र सिंह


अजय चौटाला


श्रुति चौधरी

■ भिवानी की जनता ने तीन-तीन पीढ़ियों को चुनकर लोकसभा में भजा

### 2009 में अजय को हराकर श्रुति बनी थी सांसद

वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनावों में पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने अपने प्रतिद्वंद्वी अजय सिंह चौटाला को हराकर संसद में पहुंची। उस वक्त श्रुति चौधरी को 302817 वोट मिले,जबकि अजय सिंह चौटाला को 2 लाख 47 हजार 240 मत मिल पाए थे। वर्ष 2014 में सांसद धर्मबीर सिंह ने अपने प्रतिद्वंद्वी राव बहादुर व श्रुति चौधरी को मात देकर लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की। उस वक्त सांसद धर्मबीर सिंह को 404542 वोट मिले,जबकि राव बहादुर को 275148, श्रुति को 268115 वोट मिले थे। इसी तरह वर्ष 2019 में सांसद धर्मबीर सिंह ने 736699 तथा श्रुति चौधरी को 292236 वोट मिले थे।

**भिवानी की राजनीतिक जमीन खिसकने मलाल:** मन में तीनों लालों के लालों की भिवानी से चुनाव लड़ने की टीस तो है,लेकिन अब राजनीतिक हालत बदलने व लोगों का चुनावी नेच्चर बदलने की वजह उनके लिए दिल्ली दरबार दूर हो गई है। उसके बावजूद अभी तक तीनों नेताओं की औलाद भिवानी चुनावी दंगल में जोर आजमाइश के लिए प्रयासरत है। अब वे भिवानी राजनीतिक जमीन खिसकने का मलाल होने लगा। क्योंकि लालों के लाल की बजाए दूसरे राजनेताओं ने भिवानी की राजनीति पर अपनी पकड़ बना ली है। जिसकी वजह से लालों के लाल के हाथों से भिवानी की राजनीति की जमीन खिसकने लगी है।

सेलिब्रेशन
शिखर चंद जैन



# दुनिया भर में मचती है होली की धमाल

बच्चों, होली सिर्फ अपने देश भारत ही में नहीं दुनिया के कई देशों में मनाई जाती है। कई देशों ने तो होली से प्रभावित होकर अपने देश में भी होली की शुरुआत कर दी है। आओ जानते हैं, विदेशों में होली कैसे खेली जाती है?

## द कलर रन

**ब्रिटेन की** राजधानी लंदन में भी होली के रंगों की बहार देखी जा सकती है। यहां 'द कलर रन' नाम का फेस्टिवल मनाया जाता है। इस अवसर पर खूब मौज-मस्ती और रंगों की बौछार के साथ जॉगिंग और रनिंग भी होती है। अपने नाम के मुताबिक ही इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले एकदम सफेद झक शर्ट पहन कर पांच किलोमीटर की दौड़ लगाते हैं। हर एक किलोमीटर का सफर तय करने पर रनर पर रंगों और तरह-तरह के गुलालों की बौछार की जाती है। *



## बोरायोंग मड फेस्टिवल

**साउथ कोरिया** से करीब 200 किलोमीटर दूर साउथ ऑफ सियोल में हर वर्ष गर्मियों में 'बोरायोंग मड फेस्टिवल' मनाया जाता है। अपने नाम के अनुसार ही इस फेस्टिवल में लोग एक-दूसरे पर कीचड़ और गीली मिट्टी लगाते हैं। लोगों को इस फेस्टिवल में खूब मजा आता है। यह फेस्टिवल निश्चित रूप से भारत के फाग उत्सव से ही प्रेरित है। *

## गार्मा फेस्टिवल

**ऑस्ट्रेलिया में** लोग रंगों के फेस्टिवल को गार्मा फेस्टिवल नाम से मनाते हैं। इस फेस्टिवल में शरीर को चमकीले और चटख रंगों से रंग कर पूरे दिन धमाल और नाच-गाना किया जाता है। यह फेस्टिवल ऑस्ट्रेलिया में अर्नहेम के गुलकुला नामक स्थान में मनाया जाता है। *



## लाइफ इन कलर



**बच्चों, जिस** त्योहार का नाम ही 'लाइफ इन कलर' यानी रंगों में जीवन हो, वह कितना जीवंत त्योहार होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। फ्लोरिडा (अमेरिका) में आयोजित किया जाने वाला यह फेस्टिवल ज्यादा पुराना नहीं है। इसे 2011 में एक कॉलेज फेस्ट के रूप में शुरू किया गया था। इस अवसर पर लोगों को रंगों से खेलना इतना पसंद आया कि अब यह फेस्टिवल हर साल सिर्फ फ्लोरिडा में ही नहीं, पूरी दुनिया में चर्चित हो चुका है। यह फेस्टिवल दुनिया की सबसे बड़ी पेंट पार्टी के रूप में पॉपुलर फेस्टिवल बन चुका है। *

## होली गार्डन फेस्टिवल



**स्पेन के** इबिजा द्वीप में भारत की होली से इंस्पायर होकर लोग 'होली गार्डन फेस्टिवल' मनाते हैं। इबिजा के बेनीमूसा पार्क में इस फेस्टिवल को बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इसके अलावा और भी कई शहरों में इस फेस्टिवल को मनाया जाता है। सबसे पहले इबिजा में 21 अगस्त 2014 को पर्यटकों ने इस फेस्टिवल को मनाया था। इसके बाद हर साल इसे धूमधाम से मनाया जाता है। यह फेस्टिवल शाम 4.30 बजे शुरू होता है, जो मध्य रात्रि तक मनाया जाता है। *

## होली वन

**भारत के** पर्व होली ने दुनिया भर के लोगों को इतना मोह लिया है कि यह पर्व हर देश मानना चाहता है। साउथ अफ्रीका के केप टाउन में होली की तरह एक पर्व 'होली वन' के नाम से मनाया जाता है। इस दौरान हजारों लोग सफेद कपड़े पहनकर रंगों में सराबोर हो जाते हैं। इस दौरान खूब मौज-मस्ती करते हैं। यहां हमेशा इको फ्रेंडली, स्किन के लिए सेफ कलर ही यूज किए जाते हैं। साथ ही इस फेस्टिवल के दौरान शराब पीना, कांच तोड़ना या कीचड़ का इस्तेमाल करना सख्त मना होता है। केप टाउन में 'होली वन' फेस्टिवल बहुत शालीनता से मनाया जाता है। *



कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

नमन और गौरव बहुत अच्छे दोस्त हैं। लेकिन गौरव एक बात को लेकर नमन से नाराज हो गया। नमन ने होली के दिन उसके गुलाल लगाकर मनाने की सोची। क्या गौरव ने अपनी नाराजगी भूलकर नमन के गुलाल लगाने पर उसे गले लगाया?

# हैप्पी होली



होली नमन का सबसे पसंदीदा त्योहार है। पिछले साल तो नमन को होली का विशेष रूप से इंतजार था, क्योंकि उसे अपने दोस्त गौरव को गुलाल लगाकर मनाना था। कुछ दिन पहले गौरव ने उससे व्हाट्सएप पर एग्जाम की तैयारी वाली वर्कशीट्स मांगी थी। नमन ने देने के लिए हां तो कर दी, लेकिन बाद में भूल गया। वह दो-तीन दिन के लिए मम्मी-पापा के साथ अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने के लिए भोपाल चला गया था।

बस इसी बात से गौरव नाराज हो गया। गौरव को लगा, नमन ने उसे जानबूझकर वर्कशीट नहीं दी। हालांकि नमन ने गौरव से कहा कि उसके मन में ऐसी कोई बात नहीं थी। बस वर्कशीट भेजने की बात उसके दिमाग से ही निकल गई। नमन ने गौरव को बहुत समझाने की कोशिश की पर वह माना ही नहीं। नमन ने सोचा कि होली पर गौरव के घर जाकर उसे प्यार से गुलाल लगाएगा तो वह जरूर मान जाएगा। होली वाले दिन नमन अपनी पिचकारी और गुलाल की थैली लेकर गौरव के घर जा पहुंचा। उसने कई बार डोर बेल बजाई, लेकिन किसी ने दरवाजा ही नहीं खोला। बहुत देर तक डोर बेल बजाते रहने के बाद गौरव की दादी ने दरवाजा खोला। नमन ने उनके पांव छुए। दादी ने उसके सिर पर हाथ रखकर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया, 'गौरव को बुखार है, इसलिए वह होली नहीं खेल पाएगा।' यह सुनकर नमन उदास हो गया। अपनी पिचकारी और गुलाल वहीं गमले के पास रखकर वह भीतर गया तो देखा, गौरव अपने कमरे में सो रहा है। दादी ने नमन को गुझिया खिलाई। गौरव के मम्मी-पापा ने भी नमन को होली की शुभकामनाएं दीं।

नमन वापस आने को ही था कि गौरव की आवाज सुनाई दी, 'कौन है मम्मी?' नमन तुरंत गौरव के कमरे में गया। उसके पास जाकर बहुत प्यार से बोला, 'हैप्पी होली गौरव। दोस्त मुझे माफ करना, मैंने तुम्हारा दिल दुखाया है।'

यह सुनकर गौरव बोला, 'अरे नहीं, मैंने ही तुम्हें गलत समझा। तुम तो मुझे कितने ही सालों से पढ़ाई में मदद करते आए हो। मैं एक बार जरा सी भूल होने पर नाराज हो गया। माफी तो मुझे मांगनी चाहिए। मैंने सोचा था कि इस बार होली पर आकर तुम्हें गुलाल लगाकर सॉरी कहूंगा, लेकिन तबीयत ही खराब हो गई।'

नमन तुरंत बोला, 'मुझे खुशी है, हमारी दोस्ती का मुरझाया फूल एक बार फिर से खिल उठा है।' इसी बीच दादी थोड़ा-सा गुलाल लेकर आ गईं। दोनों बच्चों ने एक-दूसरे के गालों पर बहुत प्यार से गुलाल लगाया और बोले, 'हैप्पी होली!' *

## जीके क्विज-96

1. लोकसभा चुनावों के साथ किस पूर्वोत्तर राज्य में विधान सभा के चुनाव भी होंगे?
2. हाल में नियुक्त दो चुनाव आयुक्त कौन हैं?
3. देश के अगले लोकसभा के चुनाव कब से शुरू होंगे?
4. दूध की शुद्धता किससे नापी जाती है?
5. कीर्ति मंदिर स्थान का नाम किस महापुरुष से संबंधित है?
6. राइट बंधुओं का नाम किस खोज से जुड़ा है?
7. घूमर लोकनृत्य किस राज्य का लोकनृत्य है?
8. कर्क रेखा देश के कितने राज्यों में से होकर गुजरती है?
9. भारत में सबसे लंबी दूरी तक बहने वाली नदी कौन सी है?
10. ब्लादिमिर पुतिन एक बार फिर किस देश के राष्ट्रपति चुने गए?



बच्चों, जीके क्विज-96 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-95 का उत्तर :** 1-नायब सिंह सैनी, 2- अग्नि 5, 3-शुतुरमुर्ग का अंडा, 4-मंगल ग्रह, 5-असम, 6-पश्चिम बंगाल, 7-दूध, 8-नालंदा विश्वविद्यालय, 9-भूटान, 10-आंध्र प्रदेश

**जीके क्विज-95 का सही उत्तर देने वाले:** ईशान-अहमदाबाद, सरबजीत-करनाल, रौनक-जांजगीर चांपा, आकांक्षा-अहमदाबाद, जयप्रकाश-मेल से, विजय प्रकाश-सिंगरौली, कबीर-हिसार, गीतेश-रायपुर, करन-मेल से, यश-धरसवा

## बूझो तो जानें



1
प्यारा रंगों का त्योहार
फागुन में आता हर बार।
उड़ता खूब अबीर, गुलाल
जल्दी बतलाओ मेरा नाम।।



2
प्लास्टिक या लोहे की होती
रंगों से है खूब भिगोती।
होली के दिन आती काम
बच्चों बताओ मेरा नाम।।

3
मेवा-मावा से है भरी
तली हुई प्लेटों में धरी।
फूला-फूला उसका पेट
नाम बताओ, करो ना देर।


-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर: 1-होली, 2-पिचकारी, 3-गुझिया

कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

केतन अपने पापा और मामा जी के साथ होली के लिए बाजार में पक्के रंग खरीदने आया तो मामा जी रंग खरीदने के बजाय सब्जियां खरीदने लगे। खीझ कर जब केतन ने टोका तो मामा जी बोले, 'दिला तो दिए रंग!' पहले तो केतन को मामा जी की बात समझ नहीं, जब समझ में आई तो वह खुशी से चहक उठा। केतन इतना खुश क्यों हो गया?

# महकते हुए रंग



केतन स्कूल से घर आया तो चहकते हुए बोला, 'मम्मी! मुझे सौ रुपए दो।'

'सौ रुपए? अरे! भला क्यों!' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे मम्मी, होली आ रही है न। मुझे पक्के रंग खरीदने हैं। पता है, इस बार तो मैं अपने दोस्तों को खूब रंगूंगा। और वह जो दीपू है न, जो बिल्कुल नन्हा हाथी-सा लगता है। उसे तो चाहे कुछ भी हो जाए, मैं उसे सफेद पेंट से रंगूंगा। थाईलैंड का हाथी लगेगा वह.. हा.. हा हा..।'

'थाइलैंड का?' मम्मी चौंकीं, 'क्या मतलब!!' 'अरे मम्मी, बस... रुपए दो। ज्यादा बात नहीं अभी।' केतन मचला।

'लेकिन बताओ तो सही, मैं भी तो जानूं।' मम्मी बोलीं। केतन ने बताया, 'अरे मम्मी, थाइलैंड में सुनते हैं कि सफेद हाथी होते हैं। उसे सफेद हाथियों का देश कहा जाता है।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'लेकिन मेरे पास तो रुपए हैं नहीं। पापा आएं तो उनसे लेना।'

ऊं हूं...।' केतन ने पैर पटके और अपने कमरे में चला गया। शाम को पापा आए तो उनके साथ मामा जी भी थे। केतन उन्हें देखते ही चहक उठा, 'मामा जी, हैप्पी होली इन एडवांस।' 'हैप्पी होली, प्यारे..।' मामा जी ने आंखें मटकाईं फिर बोले, 'और होली पर क्या तैयारी है भांजेश्री?'

'कोई तैयारी नहीं मामा जी। आज दोपहर में ममा से रुपए मांगे थे। उन्होंने दिए ही नहीं।' फिर जैसे अचानक केतन को याद आ गया कि पापा से तो रुपए लेने हैं। वह मचलते हुए बोला, 'पापा, रुपए दीजिए। मुझे रंग लाना है।' मम्मी बीच में बोल पड़ीं, 'पापा और मामा से न पानी पूछा, न चाय। बस, अपनी फरमाइश पेश कर दी।'

'ओह मम्मी, वह तो आपका काम है न। मुझे तो रंग लाना है।' केतन हाथ हिलाते हुए बोला। मामा हंस पड़े, 'अरे! मैं तो सोचता था कि केतन बड़ा हो गया है, लेकिन यह तो अभी तक बच्चा ही है।'

'हां, बच्चा ही तो हूं मामा जी।... मुझे तो रंग लेने हैं। खूब गहरे और कभी न छूटने वाले।' केतन एकदम छोटा बच्चा-सा बन गया। 'ठीक है, ठीक है, चिंता न करो। रंगों के सेलेक्शन में मैं तुम्हारी मदद करूंगा।' मामा जी केतन के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले। 'तो आप अभी बाजार चलेंगे न!' केतन ने बात पक्की करनी चाही।

'हां, हां.. चलेंगे.. जरूर चलेंगे।' मामा जी ने श्योर किया।

चाय-नाश्ता कर मामा और पापा के साथ केतन उछलता हुआ बाजार चल दिया। रास्ते में रंगों की दुकान दिखी। केतन पापा को उधर खींचने लगा, लेकिन मामा जी उन्हें दूसरी ओर ले गए। उधर एक बूढ़ी अम्मा पालक बेच रही थीं। मामा जी ने सारी खरीद ली।

केतन बोला, 'अब लें रंग...।' लेकिन मामा जी तो चुपचाप आगे बढ़ गए। उधर चुकंदर बिक रहे थे। मामा ने पांच किलो खरीद लिए। केतन खिसियाया, 'मामा जी, आपको सब्जी की पड़ी है। अरे! पहले रंग...!' मामा जी हंसे, 'अरे घबराओ नहीं, ले लेंगे।'

केतन अनमना-सा रंग की दुकानें देख रहा था। मामा जी तो इधर-उधर सब्जी और फलों की दुकानें ताक रहे थे। अब वे संतरे की दुकान पर ठिठक गए। दो दर्जन संतरे लिए। फिर डैडी से बोले, 'गाजर किधर मिलेंगी?

केतन झुंझला-सा गया, 'मामा जी, क्या आप भी...! अरे! अब बस भी करिए। ...गाजर तो मम्मी ने कल ही खरीदी थी।'

मामा जी इधर-उधर कुछ खोजते हुए बोले, 'अच्छा, तब ठीक है, लेकिन धनिया और पुदीना तो ले लें, फिर घर चलते हैं।'

'घर चलेंगे ...!' केतन मुंह बिचका कर बोला। मामा जी उसे देखकर जोर से हंस पड़े और बोले, 'केतन जी को गुस्सा आया, केतन जी ने मुंह बिचकाया।'

'मामा जी! आपकी सब्जियां देखकर मुंह बिचका रहा हूं।' केतन रुआंसा हो गया था। उसने पैर पटके। अपने पापा से बोला, ' आप रंग कब दिलाएंगे?'

'अरे! दिला तो दिए।' बीच में ही मामा जी बोले। 'कब..?' केतन आंखें फाड़कर बोला। मामा जी ने बताया, 'प्यारे, इन सब्जियों में ही तो रंग छिपे हैं, नेचुरल रंग। कल देखना, इनसे मैं कैसे कितने सारे रंग तैयार करता हूं। इन रंगों से कोई नुकसान भी नहीं होगा। जो रंग बाजार में बिक रहे हैं, उनमें केमिकल होता है। इस बार हम प्राकृतिक रंगों से होली खेलेंगे। घर पर रंग बनाएंगे, नए ढंग से होली मनाएंगे।'

केतन चहक उठा, 'अब समझा, आप तो नेचुरल रंग खरीद रहे थे। मैं तो बेकार में ही परेशान हो रहा था। मामा जी, मैंने घर में गुलाब के पौधे लगाए हैं। आप इनमें गुलाब के फूल भी डाल दीजिएगा। फिर तो महकते हुए रंग तैयार होंगे न!'

'वाह! प्यारे, तुम तो वास्तव में बहुत होशियार हो।' पापा और मामा जी दोनों एक साथ बोले। केतन उछलता-कूदता उनके साथ घर की ओर चल दिया। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय



## फूलों की रंगीन डाली है होली

अनोखी है होली, निराली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई फाग, कोई कबीरों में डूबा,
कोई है गुलालों-अबीरों में डूबा।
हरी, लाल, पीली है, काली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
कोई खा गया, देखो मेवे फटाफट,
कोई कर गया सारे पापड़ सफाचट।
महापेटुओं वाली थाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।
भुलाकर हर नफरत, गले मिलना सीखो,
हो तुम फूल तो, फूल-सा खिलना सीखो।
कि फूलों की रंगीन डाली है होली,
सभी को खुशी देने वाली है होली।

## रंग भरो-146

**रंग भरो-146** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जतिन, कोंडागांव



अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी



गौरांग, रायपुर



अंकिता, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

संध्या साहू-दुर्ग, वेदिका-बालोद, पवन-जींद, हर्षिता-भोपाल, अमन-भिलाई, हरीश-जबलपुर, पूजा-रोहतक, मलाइका-कोरबा, अनिल-दिल्ली, वैदेही-रायपुर, प्रकाश-करनाल, राजू-डोंगरगढ़, प्रतिमा-जशपुर, अभिलाषा-महेंद्रगढ़, रानी-बस्तर, राजेश-दुर्ग

## रंग भरो 147



बच्चों, यहां पर पिचकारी में रंग भरकर होली खेलते हुए एक बच्चे का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में कई सारी पिचकारियां दिख रही हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर बताना है कि चित्र में पिचकारियों की कुल संख्या कितनी है?



उत्तर: 30 पिचकारियां

## खबर संक्षेप



### सर्कल कबड्डी में दूसरे दिन रोचक रहे मुकाबले

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप के दूसरे दिन बेहद रोचक मुकाबले रहे। चौधरी बंसी लाल विवि की टीम ने गोंडवाना यूनिवर्सिटी को हराया। सीबीएलयू सिरसा की टीम ने इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर रेवाड़ी को हराया। गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार की कबड्डी टीम ने माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा राजस्थान को हराया। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी जींद की टीम ने मदवि रोहतक की टीम को पटकनी दी।

### भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया



**बहल।** श्री श्याम मंदिर व श्री अलख मंदिर में जागरण में भक्तजन मस्ती, उल्लास और भक्तिभाव में डूबे रहे। स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहर से आए गायक कलाकारों ने एक के बाद एक सुंदर भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने श्री श्याम मंदिर व श्री अलख मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बुधवार रात को हुए जागरण में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

### अधिकारी चुनाव को लेकर दिए जाने वाले निर्देशों को गंभीरता से लें: एडीसी

# बवानीखेड़ा विस क्षेत्र के एआरओ ने लोस चुनाव को लेकर दिए निर्देश

**नए वोट बनाए जा रहे हैं इस बारे में लोगों को जागरूक करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर खंड बवानीखेड़ा के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। एडीसी ने लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जिला प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले आदेशों या निर्देशों को गंभीरता से लें। आदेशों की किसी भी प्रकार से अवहेलना न हो। उन्होंने कहा कि चुनाव में कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में एआरओ हर्षित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र हिसार लोकसभा क्षेत्र में आता है। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होना है। बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रकिया संपन्न करवाने को लेकर एक.एक खर्च आब्र्जवर, एकाउंटिंग टीम व वीडियो वीविंग टीम लगाई गई है। इसके अलावा पांच.पांच वीडियो सर्विसलेंस टीम व फलाइंग स्कवेयड टीम हैं। उन्होंने बताया कि चार स्टेटिक सर्विलेंस टीमों को नियुक्त किया गया है। इन टीमों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने कहा है कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है, वे अपनी ड्यूटी को निष्ठापूर्वक व निष्पक्ष ढंग से करें। चुनाव प्रक्त्रिया में हर संभव सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अध्यक्ष चुनाव प्रबंध, कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना, ईवीएम तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य सुचारू ढ़ंग से संपन्न करवाने में सहयोग करें। प्रशासन द्वारा पोलिंग स्टेशनों की मैपिंग की जा रही है। अधिकांश पोलिंग बूथ स्कूलों में हैं। इसी प्रकार से कुछ मतदान केंद्र सामुदायिक केंद्रों पर भी बनाए गए हैं। पोलिंग बूथ में दरवाजे, खिड़कियां, बिजली व पेयजल, रैंप, शौचालय सहित सभी प्रकार के आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि नामांकन की अंतिम तारीख से दस दिन पहले तक नए वोट बनाए जा रहे हैं इस बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने खंड के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे कार्यायल परिसर के अंदर या बाहर चारदिवारी पर अनाधिकृत रूप से प्रचार सामग्री न लगी हो। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आपसी तालमेल बनाकर कार्य करें। एडीसी ने बताया कि 59. बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्र में 229 बूथ बनाए गए हैं, इनमें एक पिंक बूथ है तथा 48 बूथ वलनरेबल की श्रेणी में आते हैं। बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में फिलहाल कुल दो लाख 13 हजार 645 मतदाता हैं, इनमें एक लाख 13 हजार 618 पुरूष व 99 हजार 270 महिला एवं एक ट्रांसजेंडर वोटर हैं।



**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा .निर्देश देते एडीसी।

### राहुल गांधी की किसान न्याय गारंटी हर घर तक पहुंचाएगी किसान कांग्रेस : मान



**चरखी दादरी।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता देश भर में हर घर तक राहुल गांधी द्वारा घोषित किसान न्याय गारंटी को पहुंचाएंगे। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के चेयरमैन सुखपाल सिंह खहिरा की अध्यक्षता में एआईसीसी में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया, ये जानकारी किसान कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम के राष्ट्रीय संयोजक राजू मान ने बैठक से लौटकर प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने किसानों के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की गारंटी देने की अहम घोषणा की है जिससे किसानों में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि किसान न्याय गारंटी के तहत कृषि सामग्रियों पर से जीएसटी हटाया जाएगा। कृषि ऋण माफी निर्धारित करने के लिए आयोग की स्थापना की जाएगी। इसके साथ किसानों के हित के लिए आयात-निर्यात नीति का निर्धारण किया जायेगा।

### शहीद भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव को मिले भारतरत्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



कमल सिंह प्रधान।

सदियों से गुलामी की जंजीरों में जकड़े देश को आजादी दिलाने में अहम योगदान देने वाले शहिद भगतसिंह, गुरुदेव व सुखदेव को केंद्र सरकार जल्द भारतरत्न दें, ये मांग युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने की।

इस मांग को लेकर 23 मार्च को शहीदी दिवस पर तोशाम स्थित चौधरी मोहब्बत सिंह फीलिंग स्टेशन पर युवा कल्याण संगठन व शहीद भगत सिंह क्लब सैंकड़ों युवाओं को नशा छोड़ने की शपथ दिलाएगा। समाजसेवी कमल प्रधान ने बताया कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, ये आजादी के दीवानों की कुर्बानी से संभव हुआ हैं, जिसमें लाखों ज्ञात व अज्ञात लोगों ने सहयोग दिया, अंग्रेजों के जुलमों व प्रताड़ना को सहा, उन्हीं के संघर्ष, बलिदान व कुर्बानियों की बदौलत हम हर साल आजादी का पर्व धूमधाम से मनाते हैं। उन्होंने कहा कि दुःख तब होता है जब भारतरत्न देने का नंबर आता है तो देश को आजादी दिलाने वालों की अनदेखी कर राजनीतिक लाभ देखा जाता है।

### केएम स्कूल में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वावधान में सत्र 2023.24 की प्री.प्राइमरी से पाँचवीं तक की कक्षाओं का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोडा और प्राचार्या रेनू सैनी ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के द्वारा स्वागत नृत्य, तथा शिक्षा विषय पर सुंदर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### महाराजा नीमपाल सिंह महाविद्यालय में रोपित की त्रिवेणी

**भिवानी।** पूरे विश्व में पेड़-पौधों को संरक्षित करने के लिए विश्व वानिकी दिवस मनाया जाता है, इस दिन भी लोगों को वनों और पेड़-पौधों के महत्व के बारे में बताया जाता है। प्रतिवर्ष विश्व वानिकी दिवस पर नई थीम के साथ मनाया जाता है, जो इस वर्ष वन एवं नवीनीकरण की थीम के साथ मनाया जा रहा है। ये बात त्रिवेणी बाबा ने महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय कॉलेज में वीरवार को विश्व वानिकी दिवस पर त्रिवेणी रोपित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कर उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। प्राचार्य महेंद्र कुमार ने कहा कि हमें शुभ अवसर पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।

### हुडा पार्क की गंदगी का निदान करवाने को वेटरन संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** हुडा पार्क में फैली गंदगी का निदान करवाने को लेकर वेटरन संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान सूबेदार मेजर विरेंद्र सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर सूबेदार मेजर ग्रेवाल ने कहा कि पार्क शहर में गंदगी का पर्याय बना हुआ है, जिसके चलते यहां घूमने आने वाले नागरिकों के लिए परेशानी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि पार्क में जगह-जगह गंदगी फैली रहती हैं। उन्होंने बताया कि पार्क में टॉयलेट की सफाई व्यवस्था नहीं हैं, बच्चों के खेलने के झूले व बैंच टूटे पड़े है, रात के समय लाईटों की व्यवस्था नहीं, पार्क की रैलिंग टूटी पड़ी है, पानी के अभाव में पेड़-पौधें सूखे, योगा करने वाले स्थान की छत टूटी हुई हैं, जहां बारिश में पानी टपकता है। वहीं पार्क के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, हर वर्ष टैंडर निकालने के बावजूद पार्क के फव्वारे करीबन 10 वर्षो से बंद है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द उपरोक्त समस्याओं का समाधान करवाया जाए। ग्रेवाल ने कहा कि पार्क में लोग अपनी सेहत सुधारने के लिए सैर करने आते है, लेकिन पार्क की व्यवस्था इन दिनों खुद बदहाल है, जिसके चलते नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है।

## अपनी संस्कृति को अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

बनवारी लाल जिंदल सूईवाला महाविद्यालय में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए संस्कृत साहित्य में अष्टाङ्ग योग विषय पर संस्कृत विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में पधारे मुख्य वक्ता प्रोफेसर बलबीर आचार्य ने कर्मयोग, सांख्ययोग, हठयोग आदि योग पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य दयाल सिंह महाविद्यालय करनाल डॉ. आरके गौड़ ने युवाओं को पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर अपनी संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। तृतीय विदा सत्र में पहुंचे मुख्य वक्ता डॉ. मदन मानव ने प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ऊं का उच्चारण करवाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मानव इस भौतिकवादी जीवन अपनी भिन्न.भिन्न आवश्यकता कि पूर्ति के लिए पैसे के पीछे दौड़ रहा है। जिससे मानसिक तनाव के साथ.साथ अन्य बीमारियों से घिरता जा रहा है। यदि हमें जीवन को सुखी बनाना है तो योग को अपने जीवन में लाना होगा। इस मौके पर प्रोफेसर सुखबीर दूहन, प्रोफेसर जयपाल शास्त्री, जसवंत सिंह, श्यामवीर, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।



**तोशाम।** आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित दर्शकों को संबोधित करते हुए।

### शिविर में 500 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**भिवानी।** गांव प्रेमनगर के प्रथम सरपंच कन्हैया सूबेदार की 127वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका शर्मा, जनरल फिजिशियन डॉ. रवि बुरा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन राहर, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला, आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश ने शिविर में सेवाएं दी तथा 500 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईयां व परामर्श दिया। वहीं शिविर में 101 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रमेश बूरा व कन्हैया सूबेदार के पड़पौत्र रविंद्र बूरा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाजसेवा के भाव को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए, इस प्रकार के शिविर समाजसेवा की दृष्टि से वरदान साबित होते है।

## पुरुष वर्ग में भिवानी बना विजेता

- 52वीं सीनियर स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा भीम स्टेडियम में आयोजित करवाई गई 52वीं सीनियर स्टेट हैंडबॉल चैंपियनशिप वीरवार को संपन्न हो गई। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर से करीबन 700 महिला व पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महासचिव डाण तेजराज सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव संदीप कोंटिया ने बताया कि चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला पुरूष वर्ग में भिवानी व झज्जर की टीम के बीच हुआ, जिसमें भिवानी की टीम विजेता रही। इसी प्रकार महिला वर्ग में भिवानी व हिसार की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें भी भिवानी की टीम विजेता रही। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में पहुंचे सभी खिलाडि़यों के रहने व खाने का प्रबंध केसीसी प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल द्वारा किया गया था जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार भी खेल व खिलाडि़यों को प्रोत्साहन देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। ऐसे में युवाओं को भी खेलों में भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन भिवानी के सीईओ रामअवतार, कोषाध्यक्ष सुरेश अहलावत, कोच हरिस्वरूव, फाउंडर सदस्य नाहर सिंह, आयोजक सचिव मनजीत सिंह ढ़ांडा आदि मौजूद रहे।

### जलती रहे खाटू वाले ज्योत तेरी जलती रहे....



**तोशाम।** बुधवार को आमलकी एकादशी पर तोशाम के श्रीशिव श्याम मंदिर परिसर में श्रीश्याम संकीर्तन मंडल द्वारा एक रात खाटू वाले के नाम जागरण में देर रात्रि तक बाबा श्रीश्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि सांसद धर्मबीर सिंह पत्नी मंजू देवी पहुंची और उन्होंने बाबा श्याम के भजनों पर मंदिर परिसर में जमकर नृत्य किया। उन्होंने मंदिर परिसर में बाबा की ज्योत प्रज्वलन की। इस दौरान भजन गायक पंकज डेमला ने जलती रहे खाटू वाले ज्योत तेरी जलती रहे की प्रस्तुति दी। भजन गायक मोहित गोयल व विकास सिंगला ने घनश्याम तेरी बंसी घायल कर जाती है, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, ओ मेरे बाबा तेरी हो रही जय जयकार जगत में डंका बज रहा, होली खेलांगे आपा गिरधर गोपाल आदि भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। मुख्यतिथि मंजू भजनों की धुन जमकर थिरकती रही।

## युवा कैरियर को लेकर लापरवाही न बरतें

- कैरियर को लेकर युवाओं में मानसिक तनाव पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सौजन्य से कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के चौथे दिन प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत एनएसएस अधिकारी पूनम जोगपाल ने योजना के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए की।

शिविर में राजकीय महिला महाविद्यालय बवानीखेड़ा की मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नीलम ने युवाओं में कैरियर को लेकर उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव पर विस्तार से व्याख्यान दिया। डॉ. नीलम ने कहा कि युवावर्ग कैरियर को लेकर लापरवाही न बरतें, बल्कि गंभीरता के साथ लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत कर उसे पाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हर कार्य करने की उम्र और समय होता हैं, युवा अवस्था कैरियर को लेकर गंभीर होकर लक्ष्य प्राप्त करने व अच्छे पद पर आसीन होने की होती हैं, लेकिन काफी युवा इस उम्र व समय में मार्ग भटक जाते हैं और अपना भविष्य अंधकारमय बना लेते हैं। डॉ. जगवीर सिंह मान ने बताया कि एनएसएस अधिकारी मदनसिंह एंव डॉ. सुदेश के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया।




**भिवानी।** विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी जानकारी देती डॉ. नीलम।

### साइबर क्राइम व व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान

महाराजा नीमपाल सिंह कॉलेज में कंप्यूटर साइंस की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पारीशा सांगवान ने साइबर क्राइम विषय पर विद्यार्थियों को आगाह किया तथा साइबर सुरक्षा व बचाव संबंधी तकनीकी जानकारी दी। मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापक पंकज शर्मा ने व्यक्तित्व विकास पर विद्यार्थियों से सफलता के मंत्र साझा किए। डॉ. रणधीर रोहिल्ला ने सॉफ्ट स्किल पर सफलता प्राप्ति में भाषा संप्रेषण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में विवेक प्रथम



**चरखी दादरी।** राजकीय महाविद्यालय द्वारा सात दिवसीय शिविर में युवाओं की विभिन्न खेलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 100 मीटर दौड़ में विवेक प्रथम, अमूल द्वितीय तथा निशान्त तीसरे स्थान पर रहा। वहीं लम्बी कूद में भी विवेक ने प्रथम, अजय ने द्वितीय तथा ऊंची कूद में भी प्रथम विवेक, बंटी दूसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर युवाओं सभी खेलों में भाग लिया। आचार्य देवीसिंह ने युवाओं से कहा कि खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेल में भाग लेना चाहिए, खेल में हार जीत अहमियत नहीं रखती है।

### सचिव के आर्डर की प्रति लेखाकर तक नहीं पहुंची

# 31 दिन में नपा की दीवार नहीं फांद पाई चिठ्ठी

- हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष सिंधु ने नपा से मांगी थी सूचना


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

बवानीखेड़ा नगर पालिका कार्यालय में दो अधिकारियों की सीटों के बीच केवल दस फुट का फासला एवं उनके कार्यालयों के बीच महज एक दीवार ही है, फिर भी एक उपभोक्ता द्वारा मांगी गई आरटीआई की सूचना 31 दिन में भी नपा कार्यालय की दीवार नहीं फांद सकी, जी हां हम बात कर रहे हैं हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधु द्वारा नपा से मांगी आरटीआई की, जिसे पूरा एक माह बीत चुका व अभी तक कोई जवाब नहीं दिया हैं। उल्लेखनीय हैं कि मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट सिंधु ने 20 फरवरी को नपा बवानीखेड़ा से आरटीआई लगाकर सूचना मांगी थी, जिसको 31 दिन बीत चुके हैं। सचिव के आर्डर की प्रति लेखाकर की सीट तक नहीं पहुंच पाए, ऐसा लेखाकार के जवाब से लग रहा है, या फिर जान बूझकर सूचना देने से टरकाया जा रहा है। एडवोकेट सिंधु ने बताया कि नगर पालिका के दोनों अधिकारी व कर्मचारी के कार्यालय के बीच केवल एक दीवार ही है, जबकि सचिव के इस आदेश को 31 दिन बीत चुके हैं।

उक्त अधिकारी ने आरटीआई का जवाब सात दिनों के भीतर देने के निर्देश दिए थे, पर आज तक आरटीआई की सूचना देना तो दूर, अभी ये सुनिश्चित नहीं हो पाया कि लेखाकार के पास चिठ्ठी पहुंची भी है या नहीं। सिंधू ने 20 फरवरी को बवानीखेड़ा के प्रत्येक वार्ड की वार्डबंदी का आधार बताने, कितने वार्ड आरक्षित किए व उनमें मतदाताओं की संख्या कितनी है की सूचना मांगी थी। नपा सचिव ने 20 फरवरी को लेखाकार को उक्त जानकारी सात दिन के भीतर भेजने के निर्देश दिए थे, लेकिन ऐसा 31 दिन के अंदर भी संभव नहीं हो पाया। मोर्चा के अध्यक्ष सिंधू ने इस बारे में नपा में सम्पर्क किया तो कोई जानकारी नहीं मिली।



### पुलिस अधीक्षक ने वेलफेयर मीटिंग मे सुनीं पुलिसकर्मियों की समस्याएं



**चरखी दादरी।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने अधीक्षक ने वीरवार को अपने कार्यालय में पुलिस कर्मचारियों की सुविधाओं के मद्देनजर डी स्तरीय कल्याण गोष्ठी का आयोजन किया। एसपी की मौजूदगी में आयोजित वेलफेयर मीटिंग में शामिल पुलिस कर्मचारियों से एक-एक करके उनकी विभागीय समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। कर्मचारियों की समस्याओं के निवारण के संबंध में एसपी ने मौके पर दिशा निर्देश दिए। पुलिस कर्मचारियों को विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सभी थाना,चौकियों में स्वच्छता के मद्देनजर लगातार साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने वेलफेयर मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निपटान किया जाए और यदि आवश्यक हो तो उच्च अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए पत्र व्यवहार किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस थाना एवं चौकियों में पुलिस कर्मियों की मूलभूत जरूरतों को जल्द पूरा किया जाए।

## खबर संक्षेप


भिवानी। द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए।

### आज के विद्यार्थी भविष्य के कर्णधार : शिवरतन गुप्ता

**भिवानी।** आज के विद्यार्थी भविष्य के कर्णधार हैं व आने वाले समय में ये ही देश का गौरव बढ़ाएगें। उपरोक्त शब्द वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सी. सै. स्कूल के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने विद्यालय के प्राइमरी विभाग के वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह के अवसर पर अभिभावकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे।

### सामाजिक कार्यों में भागीदारी करें : रंजना

**भिवानी।** आदर्श महिला कॉलेज भिवानी की एनएसएस सेल की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह पूरे जोश एवं निष्ठा के साथ किया गया। मुख्यातथि रंजना बुवानीवाला ने कहा कि स्वयं सेविकाओं को सामाजिक कार्यों में पूर्ण आत्मविश्वास व निष्ठा के साथ बढ़चढ कर भाग लेना चाहिए।

### यौनकर्मियों को अधिकारों को जानकारी दी

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से यौन कर्मियों के लिए कानूनी जागरुकता की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अधिवक्ता सोनाली तंवर ने बताया कि सवोच्च न्यायालय के आदेशानुसार देश में प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। इसलिए यौनकर्मी कानून के तहत सम्मान और समान सुरक्षा की हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यौनकर्मियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण जरुरी निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पुलिस को आदेश दिया कि वेश्यालयों पर छापे में यौनकर्मियों को गिरफ्तार दंडित परेशान या प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

अधिकारी पानी बढ़वाने के लिए लगातार आला अफसरों से कर रहे संपर्क

# सुंदर पर ब्रेक, जुई व मिताथल को मिल सकता है आज से पानी

जलघरों में पानी की भारी किल्लत के चलते दोनों नहरों में छोड़ा जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अगर सुंदर ग्रुप की नहरों को ओर अतिरिक्त पानी नहीं मिला तो जल्द ही सुंदर में बह रहे पानी पर ब्रेक लग सकता है। हालांकि सिंचाई विभाग के अधिकारी पानी बढ़वाने के लिए लगातार आला अधिकारियों के सम्पर्क में है,लेकिन अगर पानी नहीं बढ़ा तो शहर व कस्बों के जलघरों के टैंकों को भरने के लिए शुक्रवार शाम तक जुई व मिताथल फीडर में पानी छोड़ा जा सकता है। क्योंकि इन पर पड़ने वाले जलघरों के टैंकों में पानी नहीं है। पानी न होने की वजह से शहर में पानी की सप्लाई की राशनिंग की जा रही है। जिले में पीने का व खेतों में सिंचाई के पानी का घोर संकट बना हुआ है। फिलहाल पानी का संकट यमुना में पानी कम होने की वजह से बना है।

जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग की थी,यमुना में पानी कम होने की वजह से केवल पौने आठ सौ क्यूसेक पानी मिल पाया है। पानी कम मिलने की वजह से केवल सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पौने आठ सौ क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है। पानी की कमी के चलते सुंदर ग्रुप की बारी में अभी तक मिताथल फीडर व जुई फीडर को पानी नहीं मिल पाया है। इन नहरों में पानी न पहुंचने की वजह से इन पर पड़ने वाले जलघरों में पानी ही नहीं पहुंचा है। जिसकी वजह से पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनी है।





भिवानी। जुई नहर का निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ व खाली पड़ी मिताथल फीडर का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

### तीसरे दिन पानी की सप्लाई के समय में भी कटौती

तीसरे दिन पानी की सप्लाई के समय में भी कटौती की जा रही है। रोजाना पानी के समय में कभी दस तो कभी 15 मिनट तक पानी में कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से लोगों के घरों तक पूरा पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते शहर व कस्बों में पीने के पानी का संकट गहराने लगा है। लोगों को पीने के पानी के लिए दूर दराज के इलाकों में स्थित हैंडपम्पों तक पहुंचना पड़ रहा है। इसी तरह की समस्या गांवों में भी बनने लगी है। चूंकि गांवों में भी पीने के पानी की भयंकर किल्लत है।

### विधायक सर्राफ ने अधिकारियों को दिए पानी छोड़ने के निर्देश

गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ने जुई व मिताथल फीडर का निरीक्षण किया। नहरों में पानी की स्थिति देखी। इस दौरान दोनों नहरों में पानी न के बराबर था। उन्होंने उसी वक्त इन दोनों नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि भिवानी शहर के अधिकांश जलघरों का पानी खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। जल्द इन नहरों में पानी छोड़ा जाए। ताकि पीने के पानी का संकट बनने से रोका जा सके। अधिकारियों ने जल्द ही पानी छुड़वाए जाने का भरोसा दिलाया ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।


चरखी दादरी। फसल खरीद की तैयारियों की समीक्षा करती उपायुक्त।

## फसल खरीद के दौरान किसानों को परेशानी न हो : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि फसल खरी को लेकर जिला की सभी मंडियों में तुरंत तैयारियां पूरी कर ली जाएं जाकि फसल खरीद के दौरान मंडियों में किसी भी किसाना को कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए। मंडियों में पेयजल, बिजली व शौचालय सहित टोकन आदि की बेहतर व्यवस्था हो।

उपायुक्त फसल खरीद की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक में समीक्षा कर रही थी। उन्होंने निर्देश कि किसानों को मंडी में फसल खरीद कार्य के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी प्रबंध समय रहते किए जाए। सरसों की खरीद के जल्द शुरु होने की संभावना है, खरीद के दौरान जिला में स्थापित मंडियों में किसानों के समक्ष जैसे बिजली-पानी, शौचालय व टोकन आदि सहित अन्य किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। कुछ दिनों में गेहूं, सरसों व चना फसल खरीद का कार्य शुरु हो रहा है। जिले की सभी अनाज मंडी व खरीद केंद्र पर समुचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित शैड्यूल के अनुरूप ही किसान मंडियों में अपनी फसल लेकर आएंगे।

### हाउसिंग बोर्ड सोसायटी ने जरूरतमंद के लिए बढ़ाए मदद के हाथ, कन्यादान के रूप में सहायता राश दी

**भिवानी।** समाज की तरक्की कोई एक व्यक्ति नहीं कर सकता, समाज की तरक्की एवं उन्नति के लिए सभी व्यक्तियों को एक-दूसरे का सहयोग करना जरूरी होता है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का सहयोग जरूर करना चाहिए, क्योंकि जरूरतमंद की सेवा करने से बड़ा ओर कोई पुण्य का कार्य नहीं होता, इसी सोच के साथ श्रीअग्रवाल महिला मंडल चेयरपर्सन सीमा बंसल के नेतृत्व में हाऊसिंग बोर्ड सोसायटी ने आर्थिक रूप से कमजोर सफाई कर्मचारी की बेटी की शादी में कन्यादान रूपी सहायता राशि देकर मानवता का संदेश दिया। इस मौके पर चेयरपर्सन बंसल ने कहा कि आर्थिक तंगी के कारण बेटी का विवाह करवाने में असमर्थ लोगों की मदद करना प्रत्येक समर्थ परिवार का फर्ज बनता है, इससे न केवल समाज में भाईचारा बढ़ता, बल्कि लोगों का मानवता पर भी विश्वास बना रहता है।

## चुनाव की घोषणा के साथ बढ़ी बीएलओ की जिम्मेदारी


भिवानी। बीएलओ को संबोधित करते निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार।

**चरखी दादरी।** झोझूकलां स्थित राजकीय वमा विद्यालय में निर्वाचन एवं पंजीयन अधिकारी सुरेश कुमार एसडीएम ने आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर बीएलओ के साथ बैठक का आयोजन किया। एसडीएम ने बीएलओ से कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है, ऐसे में बीएलओ की जिम्मेदारी ओर अधिक बढ़ गई है। बैठक में मतदान के पूर्व मतदाताओं को घर घर जाकर पर्ची का वितरण कैसे करना है, जिन मातादाओं की मृत्यु हो चुकी है, उनकी मृतक सूची कैसे अलग बनानी है, को लेकर विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग वोटर एवं 85 साल के उपर के वोटर को चिह्नित किया जाना है ताकि उनको सुविधा मुहवैया करवाई जा सके।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

- स्वीप अभियान में नुक्कड़.नाटक, प्रतियोगिता, सेमिनार और मतदान जागरूकता रैली आदि गतिविधियों को किया गया है शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने कहा है कि चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर स्वीप अभियान पर जोर दिया जा रहा है। स्वीप अभियान में नुक्कड़.नाटक, प्रतियोगिता, सेमिनार और मतदान जागरूकता रैली आदि गतिविधियों को शामिल किया गया है।

स्वीप अभियान के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य स्लोगन चुनाव का पर्व.देश का गर्व के महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। श्री नरवाल ने कहा है कि विशेषकर महिलाएं अपने वोट की कीमत को समझें और एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी आयु पूरी करने वाले युवतियां अपना वोट जरूर बनवाएं। युवतियों में बनी यह धारणा बिल्कुल गलत है कि वे शादी के बाद ही वोट बनवाएंगी, जबकि वोट आसानी से ट्रांसफर हो जाता है। उन्होंने कहा है कि महिलाओं के साथ.साथ सर्विस वोटर,ट्रांसजेंडर व दिव्यांग सभी मतदाताओं को चुनाव में एक.एक वोट कीमती हैए जिनको स्वीप अभियान में अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि पिछली बार लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 72.81 प्रतिशत, भिवानी में 67.19 प्रतिशत, तोशाम विधानसभा में 74.03 प्रतिशत तथा बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्र में 71.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस प्रकार से जिला में कुल 71.66 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### स्वीप अभियान के तहत विशेषकर इन बिन्दुओं पर फोकस

मतदाताओं को इस बारे में जागरूक करना कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान जरूरी है। नागरिकों को बताना कि उनके ही वोट से सरकार बनती है, . नागरिकों को यह समझना कि उनके द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि ही उनके लिए योजनाएं बनाते हैं।नागरिकों को बताना कि चुनाव में एक.एक वोट की कीमत होती है। . महिलाओं को बताना कि उनके वोट की भी कीमत पुरुषों के बराबर है। . नागरिकों को यह समझना कि संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है।

### यह कहते हैं उपायुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने बताया कि सर्विस वोटर की बात करें तो फिलहाल जिला की 54 लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 1664 सर्विस वोटर हैं। इसी प्रकार 54.लोहारू विधानसभा क्षेत्र में 1840 दिव्यांग वोटर, 57.भिवानी में 2022, 58.तोशाम विधानसभा में 1526 तथा 59. बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्र में 2074 दिव्यांग वोटर हैं। उन्होंने बताया कि जिला में कुल आठ ट्रांसजेंडर वोटर हैं। 54.लोहारू विधानसभा क्षेत्र में दो ट्रांसजेंडर, 57.भिवानी में तीन, 58.तोशाम विधानसभा में दो तथा 59. बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्र में एक ट्रांसजेंडर वोटर हैं।

### महिला कॉलेज में पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य त्रिलोक चन्द द्वारा की गई। इन दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 80 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मक कौशल को बढ़ाना और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं के ज्ञान को बढ़ाना है। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. कविता, मोनिका और प्रियंका ने निभाई। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान अंसिता बीए फ़ाइनल, दूसरा स्थान अनुपमा बीए_ फ़ाइनल एवं तृतीय स्थान स्वीटी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम ।

### वैश्य महाविद्यालय में संगोष्ठी आज

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं संगोष्ठी की संयोजक हिंदी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कामना कौशिक, सह-संयोजक अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर धीरज त्रिखा एवं गणित की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा बंसल आयोजन सचिव की देख रेख में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक द्वारा /"मेरी माटी मेरा देश/" विषय पर उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से अनुमोदित एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 22 मार्च शुक्रवार को प्रातः11 बजे से कॉलेज के सेमिनार हॉल में किया जाएगा। संगोष्ठी मे विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधि शामिल होकर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्यतिथि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ती धर्माणी करेंगी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में साहित्यकार डॉ. कमलेश भारतीय एवं रिसोर्सपर्सन दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर टीसी टंडन शामिल होंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## निबंध लेखन में तनु और कविता पाठ में मुस्कान प्रथम


विजेताओं को पुरस्कृत करते स्टाफ सदस्य।

**भिवानी।** राजकीय महिला महाविद्यालय खरककलां में प्राचार्य त्रिलोकचंद की अध्यक्षता में प्रभारी प्रोफेसर मनदीप कुमार के निर्देशन व हिंदी विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्षा प्रोफेसर भामा अग्रवाल के कुशल प्रबंधन में निबंध लेखन व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 'राष्ट्रभक्ति में युवा दायित्व, विषय पर छात्राओं ने आधुनिक परिदृश्य में युवा नारी का दायित्व कब, कहां और कैसे हो सकता है पर लेखनी चलाकर नवीन दृष्टि का परिचय दिया।

## नशा जीवन को करता है बर्बाद : गोयल

- वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग व तम्बाकू विरोधी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में हुआ ड्रग एवं तम्बाकू नशा मुक्त समाज अभियान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए।

वैश्य महाविद्यालय, भिवानी में स्वपोषित विभाग व तम्बाकू विरोधी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में ड्रग एवं तम्बाकू मुक्त समाज अभियान के तहत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया । व्याख्यान में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,सिटी पुलिस स्टेशन भिवानी के इंचार्ज सत्यनारायण एस्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग और महाबिद्यालय के तम्बाकू विरोधी इकाई के क्वीनर डा.हरिकेश पंघाल ने शिरकत की। व्याख्यान का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने आये हुए मुख्य वक्ता के स्वागत से किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान तभी सफल होगा जब हम सब मिलकर अपने आप को वालियंटर समझकर इस दिशा में जागरुक करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा जीवन को बर्बाद कर देता है। शौकिया शुरु किया गया नशा एक आदत बन जाती हैए जिससे बाद में छुटकारा पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। सिटी पुलिस थाना के इंचार्ज व व्याख्यान के मुख्य वक्ता सत्यनारायण ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चाहे शराब हो या धूम्रपान, या फिर चाहे अन्य कोई ड्रग हो, जीवन के लिए घातक होता है और पथभ्रष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का स्वपन तभी पुरा हो सकता हैं जबकि विभिन्न राजनीति पार्टिया,पुलिस प्रशासन ,समाजिक संस्थाएँ एवं आम नागरिक सब जागरूक होकर नशे की तस्करी रोकने में अपना अपना हर स्तर पर योगदान दे। प्रत्येक व्यक्ति नशा लेने वाले 10 व्यक्तियों को समझाने का लक्ष्य लेकर प्रयास करे तो बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

प्रवेश उत्सव | घुसकानी के राजकीय उच्च विद्यालय में पौधरोपण कर मनाया प्री-प्रवेश उत्सव

## रंग-गुलाल लगा, फूल-माला पहना व चॉकलेट देकर किया बच्चों का स्वागत

वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से बिगड़ता जा रहा पर्यावरण का संतुलनः पिंकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग द्वारा एक अप्रैल से प्रदेशभर के विभिन्न स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा, जिसके तहत स्कूलों में नया दाखिला लेने वाले बच्चों का स्वागत किया जाएगा, ताकि बच्चों से नए स्कूल की झिझक को मिटाया जा सकें।

इसी कड़ी में मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार की देखरेख में गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में वीरवार को प्री-प्रवेश उत्सव अलग अंदाज में मनाया। इस दौरान 5वीं कक्षा उत्तीर्ण कर छठी कक्षा में दाखिला लेने वाले बच्चों का स्वागत पौधरोपण करवाकर किया।इसके अलावा बच्चों को रंग-गुलाल लगाकर व फूल-मालाएं पहनाकर व चॉकलेट देकर स्वागत किया। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि प्री-प्रवेश उत्सव के दौरान रोपित किए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी, ताकि विद्यार्थी भी पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझ पाएं। उन्होंने कहा कि आज बढ़ती गर्मी व सर्दी से सभी लोग परेशान है, बिगड़ते पर्यावरण व बदलती आबो-हवा ने प्रत्येक व्यक्ति का जीना मुहाल कर दिया है, इन सबका कारण वृक्षों की अंधाधुंध कटाई है।

बिगड़ते पर्यावरण संतुलन को रोकने में वृक्ष ही सक्षम है और जितने ज्यादा वृक्ष होंगे, उतना ही पर्यावरण शुद्ध होगा, इसलिए हम सबको ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। पिंकू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, बच्चों के जन्मदिन व अन्य आयोजनों पर पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आना होगा। मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने पीटीआई विनोद पिंकू द्वारा प्री प्रवेश उत्सव पर पौधरोपण की पहल को बहुत सराहनीय बताया।


भिवानी। प्री प्रवेश उत्सव में नए बच्चों का स्वागत व अभिनंदन करते पीटीआई विनोद पिंकू व अन्य।

### ये रहे मैजूद

इस अवसर पर एबीआरसी अनीता देवी, मुकेश सांगवान, स्कूल प्रबंधक कमेटी प्रधान हंसराज, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य सतबीर सिंह, अनिल शर्मा, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, अनिल शर्मा, संदीप दुग्गल, सुनील गिल, जोगेंद्र सांगवान, नवीन ढांडा आदि मौजूद रहे।